सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम में न्यूट्रीशनकिट का वितरण

महानगर टाइम्स संवाददाता

जयपुर। मुकुल माधव फाउंडेशन द्वारा अपने सीएसआई पार्टनर फोनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से सार्थक मानव कुष्ठ आश्रम में न्यूट्रीशन किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोग से प्रभावित 34 परिवारों को आवश्यक राशन एवं पोषण सामग्री से युक्त न्यूट्रीशन किट प्रदान की गई। इन किट्स में मासिक जरूरत की प्रमुख सामग्री आटा, दालें, चावल, तेल, मसाले एवं अन्य पोषणयुक्त सामग्रियां शामिल थीं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्रभावित परिवारों को नियमित पोषण उपलब्ध कराना, उनकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों को कम करना है।

कार्यक्रम में मुकुल माधव फाउंडेशन की ओर से दयाराम स्वामी तथा सार्थक संस्थान की ओर से राजेश सहित अन्य सम्मानित प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।